दिन– शनिवार | दिनांक– 07/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

भारत में बेहद गरीबी की हालत में रहने वालों की संख्या कम करने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता मिली है। दो हजार ग्यारह–बारह से दो हजार बाईस–तेईस के बीच छब्बीस करोड़ नब्बे लाख लोगों को बेहद गरीबी की हालत से बाहर निकाला गया। विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार गरीबी की ये दर जहां दो हजार ग्यारह–बारह में सत्ताईस दशमलव एक प्रतिशत थी वहीं, यह दो हजार बाईस–तेईस में घटकर पांच दशमलव तीन प्रतिशत रह गई। देश में दो हजार ग्यारह–बारह में चौंतीस करोड़ चौवालीस लाख से अधिक लोग बेहद गरीबी की हालत में जी रहे थे और दो हजार बाईस–तेईस में इनकी संख्या तेजी से घटकर लगभग सात करोड़ बावन लाख रह गई। इस दिशा में विशेष प्रगति बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में दर्ज की गई है।

———————————————————————

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दलों के बीच अगस्त महीने तक सीटों का बंटवारा कर लिया जाएगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान की आलोचना की, जिसमें उन्होंने बिहार को देश का क्राईम कैपिटल कहा था।

———————————————————————

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ मरीजों में कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है। सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि जिले में पैंतालीस लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से सत्रह ठीक होकर अपने घर लौट चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आईजीआईएमएस, पीएमसीएच, एनएमसीएच और एम्स में कोरोना की जांच शुरू हो गई है। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि

कोविड जांच के लिए राज्य के सभी जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में जल्द ही एक लाख जांच किट उपलब्ध करायी जायेगी।

———————————————————————

कुर्बानी का त्योहार ईद–उल–अजहा यानि बकरीद आज धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। ईद उल अजहा हज़रत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के आदेश का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गई। राजधानी पटना के गांधी मैदान में नमाज अदा करने के लिए हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी पहुंचे थे। इधर, बकरीद को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। प्रशासन सोशल मीडिया को लेकर भी विशेष सतर्कता बरत रहा है। बकरीद के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने से एक बार फिर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अड़तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। अधिकांश स्थानों का तापमान पैंतीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान औसत तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, आज पश्चिम चंपारण, किशनगंज और मुंगेर जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के नरहिया–नवटोल के पास पटना से सिलीगुड़ी जा रही एक बस अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा गयी। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।